
# दीप कमल

जून-2024



## लगातार तीसरी बार
# मोदी सरकार

# संकल्प की शपथ





राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी।





# दीप कमल

**वर्ष-20, अंक-6, जून 2024**

**संपादक**
पंकज कुमार झा

**प्रबंध संपादक**
हेमंत पाणिग्रही

**मुद्रक एवं प्रकाशक किरण देव द्वारा, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के लिए, मूणत ऑफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित एवं कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, बोरियाकला, रायपुर से प्रकाशित।**

**स्वत्वाधिकारी**
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़



**ई-मेल**
mydeepkamal@gmail.com

**फोन**
0771-2233500, 2233511


# सोशल मीडिया से

**Narendra Modi**
@narendramodi

मेरे जीवन का हर पल डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर द्वारा दिए गए भारत के संविधान के महान मूल्यों के प्रति समर्पित है। यह हमारा संविधान ही है, जिससे एक गरीब और पिछड़े परिवार में पैदा हुए मुझ जैसे व्यक्ति को भी राष्ट्रसेवा का अवसर मिला है। ये हमारा संविधान ही है, जिसकी वजह से आज करोड़ों देशवासियों को उम्मीद, सामर्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन मिल रहा है।


Translate post



**Vishnu Deo Sai**
2h

प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करते ही किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की फाइल पर पहला हस्ताक्षर करते हुए तीसरे कार्यकाल का पहला आदेश जारी किया है।
किसान सम्मान निधि से देश के 9.3 करोड़ अन्नदाताओं को करीब 20000 करोड़ रुपए की राशि जारी की जाएगी। देश की नवगठित एनडीए सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

Narendra Modi
#PMKisanSammanNidhi



**Kiran Singh Deo**
21h

मैं, नरेंद्र दामोदरदास मोदी...

#ModiAgainIn2024

Narendra Modi Bharatiya Janata Party (BJP)




**Bjp Chhattisgarh**
Reels · Reels · 10h

श्री तोखन साहू जी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में शपथ लिया



संपादकीय

# ...गगन पर लहरता है भगवा हमारा



विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में, दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के नेता, भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार जनादेश पा कर फिर से महान भारत गणराज्य के मुखिया का दायित्व सम्हाल लिया है। पिछले दिनों राष्ट्रपति भवन में हुए एक गरिमामय और ऐतिहासिक समारोह में मोदीजी को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने अनेक विदेशी राष्ट्राध्यक्षों समेत हजारों गणमान्य मनीषियों की उपस्थिति में पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। इस शपथ के साथ ही मोदीजी, भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के बाद दूसरे ऐसे नेता बन गए जिन्हें लगातार बिना किसी रुकावट के पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने के लिए जनादेश मिला। इस जनादेश के साथ आंकड़ें में मोदीजी पंडित नेहरू के केवल समकक्ष मात्र दिख रहे होंगे, किंतु सच यह है कि लोकप्रियता और वैश्विक स्वीकार्यता के मामले में वे किसी भी ऐसे नेता से मीलों आगे निकल गए हैं। जितनी चुनौतियों और षड्यंत्रों के बाद उन्होंने एक बार फिर से जनादेश प्राप्त करने में सफलता पायी है, वैसे हालात कम से कम नेहरू के समय तो नहीं थे। जहां नेहरू जी का यह सबसे बड़ा सौभाग्य था कि उन्हें विपक्ष के रूप में भारतीय जनसंघ जैसा महान दल और डॉ. लोहिया, डॉ. अम्बेडकर, डॉ. मुखर्जी, दीनदयाल जी, अटल-आडवानी जैसे प्रतिपक्षी मिले थे, ऐसे नेता जिन्होंने लोकतंत्र के संस्कारों का एक वितान रचा, वहीं आज हमें विपक्ष के रूप में राहुल गांधी जैसा अपरिपक्व, शालीनता और सभ्यता से रहित, एक ऐसा अज्ञानी नादान मिला है, जिन्हें अपने



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

क्षुद्र स्वार्थ के लिए किसी के हाथ का खिलौना बनने से परहेज नहीं है, जो सवार्थवश देश के किसी भी दुश्मन से हाथ मिला सकता है। किसी भी राष्ट्रद्रोही समूह से सहायता ले सकता है या सहायता की मांग कर सकता है। जो अपनी ही देश की सरकार को बदनाम करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सोरोस से लेकर ऐसे तमाम भारत विरोधी तत्व जिन्हें भारत की प्रगति फूटी आंख नहीं सुहाती, वैसे किसी भी गिरोह का कठपुतली बन जाना ऐसे तत्वों के बाएँ हाथ का खेल मात्र है। कांग्रेस वास्तव में अब एक सोच है, ऐसे ही देशविरोधियों को प्रश्रय देने वाली प्रतिनिधि समूहों का।

वस्तुतः भारत जैसे वैविध्य से भरपूर समाज को एक सूत्र में पिरोना टेढ़ी खीर है। असम से लेकर तमिलनाडु तक, बंगाल से लेकर महाराष्ट्र तक भजन, भोजन, भाषण, भाषा, वेश-भूषा समेत इतनी विविधता है, जितना अन्य किसी भी देश में दुर्लभ है। निश्चित ही यह हमारा वैशिष्ट्य है। किंतु उपरोक्त वर्णित विपक्ष समेत देश में ऐसी अनेक शक्तियां हैं, या यह कहें कि मुख्य विपक्ष की अगुवाई में देश-विदेश में ऐसी अनेकानेक ताकतें हैं, जो इस विशिष्टता को 'अलगाव' का बहाना बनाने में जुटी रहती हैं। ऐसी निहित स्वार्थी ताकतों ने 'बांटों और राज करो की अपनी खानदानी नीति को, फिरंगियों के जमाने से चल रही इस कुटिलता को अपनी विचारधारा जैसा बना लिया है। जाति, मत, मजहब, पंथ, क्षेत्र, वर्ग ... हर उस आधार पर देश को तोड़ने की इनकी कोशिश लगातर बनी रहती है, ऐसा करने के लिए न केवल बड़े-बड़े षड़यंत्र किये जाते हैं, अपितु बहुत से ऐसे कारण कृत्रिम रूप से निर्मित भी कर लिए जाते हैं, जिससे अराजकता और अलगाव फैले, देश कमजोर हो और ऐसी ताकतों को जनता की लाश पर अपनी रोटी सेंकने का अवसर मिले।

18 वीं लोकसभा के लिए संपन्न चुनाव वास्तव में दुनियाभर की भारत विरोधी ताकतें बनाम भारतीय जनता (पार्टी) का चुनाव हो गया था। ऐसी तमाम ताकतें इस चुनाव को एक ऐसे अवसर के रूप में देख रही थी, जैसा फिर कभी दुबारा नहीं आने वाला है। वास्तव में विपक्ष का मुखौटा पहने समूंह इस बार स्वयं को कथित इंडिया (वास्तव में इंडी गठबंधन) कहते हुए पूरी तरह से 'ईस्ट इंडिया कम्पनी' जैसा व्यवहार कर रही थी। वैसा ही झूठ, उसी तरह का फरेब। वैसा ही लालच देना, उसी तरह से डर दिखाना। झूठ भी कैसे-कैसे ! संविधान ख़त्म कर देने का झूठ। आरक्षण पर झूठ। आगे से चुनाव नहीं होंगे, ऐसा झूठ। मुफ्त चावल योजना बंद कर देने का झूठ। महतारी वंदन का पैसा नहीं देने का झूठ। वादा करके छत्तीसगढ़ में मह्तारियों को 500 रुपया मात्र नहीं दे सकने वाली कांग्रेस का समूची देश की महिलाओं को एक लाख रुपया सालाना देने का झूठ ..... कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा ऐसे-ऐसे झूठ रचे गए जिसके कारण कुछ हद तक वे वातावरण बिगाड़ने में सफल रहे।

बावजूद इन तमाम साजिशों के भाजपा नीत एनडीए गठबंधन द्वारा स्पष्ट जनादेश प्राप्त करना सचमुच प्रसन्नता और संतोष का विषय है। भाजपा पहली बार ओडिशा में पूर्ण बहुमत से सरकार बानाने में सफल रही। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश आदि में सहयोगी दलों के साथ वह सत्ता में आयी। दक्षिण के अनेक दरवाजे इस बार पार्टी के लिए खुले। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, हिमाचल जैसे राज्यों से कांग्रेस का सफाया हो गया। पंडित नेहरू का तीन बार लगातार पीएम होने का रिकॉर्ड टूटा। एक वाक्य में कहें तो - मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा ने वास्तव में इतिहास रच दिया है। कांग्रेस रूपी विचारहीनता के अंधकार के बरक्स प्रकाश का पुंज, कांग्रेस नीत गठबंधन द्वारा फैलाए गए झूठ और दुष्प्रचार के कीचड़ पर कमलवत प्रस्फुटित हुई है भाजपा। कभी अटल जी ने आह्वान किया था कि छत्तीसगढ़ की सभी सीटें अगर उन्हें मिल जाय, तो वे छत्तीसगढ़ राज्य का उपहार देंगे. हम भले ही इस बार भी सभी ग्यारह सीटें देने से थोड़े से मतों से वंचित रह गए किंतु छत्तीसगढ़ अटलजी द्वारा राज्य का उपहार देने को न भूला है, न भूलेगा। राज्य निर्माण के बाद अनेक ऐसी लोकसभा सीटें हैं जहां आज तक कभी कांग्रेस के मंसूबों को पूरे नहीं होने दिया गया है। लगातार भाजपा को जीत मिली है। आशा है आगे भी देशविरोधी ताक़तों के मंसूबे कभी पूरे होंगे भी नहीं। बहरहाल।

एक गरिमामय आयोजन में ईश्वर की शपथ लेने के बाद जहां मोदीजी देश कार्य में पुनः सम्पूर्णता के साथ जुट गए हैं, वहीं कांग्रेस और उसके इको सिस्टम ने फिर से अपना 'काम' भी शुरू कर दिया है। न केवल पहली ही बैठक में मोदीजी ने किसानों के सम्मान की निधि की फाइल पर हस्ताक्षर किये बल्कि ऐसे अन्य तमाम कार्य संपादित कर वे विदेश भी पहुंच गए हैं, जहां भारत की शान का डंका बजना जारी है। उधर विपक्ष एक बार और सब कुछ लुटा-पिटा कर भी फिर से बेशर्मी के साथ जश्न मनाते हुए देश को तोड़ने के अन्य बहाने तलाशने में जुट गया है। बलौदा बाज़ार से लेकर बारामूला तक षड्यंत्रों का सीरिज शुरू हो गया है, जिसका डट कर सामना भी जारी है। निश्चित ही अब देश को और अधिक सावधान रहना होगा। भारत ने मोदीजी के कुशल नेतृत्व में जिस तरह आगे बढ़ना जारी रखा है, उसमें चंद कदम भी रुकने या तनिक भी झुकने की जरुरत नहीं है। तमाम अवरोधों-विरोधों के बावजूद भाजपा विजय का अश्वमेध रथ जारी है।

**अटल जी कहते हैं :-**

कभी थे अकेले हुए आज इतने, नहीं तब डरे तो भला अब डरेंगे,
विरोधों के सागर में चट्टान है हम, जो टकराएंगे मौत अपनी मरेंगे।
लिया हाथ में ध्वज कभी न झुकेगा, कदम बढ़ रहा है कभी न रुकेगा,
न सरज के सम्मुख अंधेरा टिकेगा, निडर है सभी हम अमर है सभी हम।
कि सर पर हमारे वरदहस्त करता, गगन में लहरता है भगवा हमारा।

जय सियाराम। वन्दे मातरम। जय छत्तीसगढ़। ।•••

mydeepkamal@gmail.com



# विकसित भारत के संकल्प को मिला जनमत



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार को मिले स्पष्ट जनादेश के उपलक्ष्य में पार्टी केंद्रीय कार्यालय विस्तार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी देशवासियों, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और जनता जनार्दन को लोकसभा एवं आंध्र प्रदेश विधानसभा में एनडीए तथा ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने के लिए आभार व्यक्त किया और देश को विकसित भारत बनाने के अपने लक्ष्य के प्रति अपनी कटिबद्धता व्यक्त करते हुए तीसरे कार्यकाल में देशहित के लिए बड़े निर्णय लेने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जनता के इस स्नेह, प्यार और आशीर्वाद के लिए मैं सभी देशवासियों का ऋणी हूं। बड़े मंगल के पावन दिन एनडीए की सरकार बननी तय है। देशवासियों ने भाजपा और एनडीए पर पूर्ण विश्वास जताया है एवं ये विजय विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीत है। ये जीत भारत के संविधान पर अटूट निष्ठा, विकसित भारत के प्रण, सबका साथ सबका विकास के मंत्र और 140 करोड़ भारतीयों की जीत है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि चुनाव आयोग ने लगभग 100 करोड़ मतदाताओं, 11 लाख पोलिंग स्टेशनों, 1.5 करोड़ मतदान कर्मियों और 55 लाख वोटिंग मशीनों के साथ विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनाव को इतनी प्रचंड गर्मी में कुशलता से संपन्न किया है। भारत की चुनावी प्रक्रिया और इस चुनावी प्रक्रिया की प्रमाणिकता पर हर भारतीय को गर्व है। भारत के इन्फ्लुएंसर्स और ओपिनियन मेकर्स को भारत के लोकतंत्र के इस सामर्थ्य को गर्व से पूरे विश्व के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। जम्मू कश्मीर के मतदाताओं ने इस चुनाव रिकॉर्ड तोड़ मतदान कर जबर्दस्त उत्साह का प्रदर्शन किया है और विश्व में भारत की चुनावी प्रक्रिया को बदनाम करने वालों को आइना दिखाया है। मैं देश के मतदाताओं और जनता जनार्दन को विजय के इस पावन पर्व पर आदरपूर्वक नमन करता हूं। मैं देशभर के सभी दलों और उम्मीदवारों का भी अभिनंदन करता हूं। सभी की सक्रिय भागीदारी के बिना लोकतंत्र के ये विराट सफलता संभव नहीं थी। मैं भाजपा एवं एनडीए के हर कार्यकर्ता साथी को भी धन्यवाद करता हूं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भाजपा विरोधी एकजुट होकर भी उतनी सीटें नहीं जीत पाए जितनी इस लोकसभा चुनाव में अकेली भाजपा ने जीती हैं। 1962 के बाद पहली बार कोई गैर कांग्रेसी सरकार अपने दो कार्यकाल पूरे करने के बाद तीसरी बार सत्ता में वापस आई है। अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिसा और सिक्किम विधानसभा चुनावों में एनडीए को भव्य विजय मिली है एवं कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। भाजपा उड़ीसा में सरकार बनाने जा रही है और यह पहली बार होगा जब महाप्रभु जगन्नाथ की धरती पर भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। भाजपा ने केरल में भी सीट जीती है। केरल के कार्यकर्ताओं ने बहुत बलिदान दिए हैं। कई पीढ़ियों से वो संघर्ष भी करते रहे और जनसामान्य की सेवा भी करते रहे। उन्होंने पीढ़ियों से जिस क्षण की प्रतीक्षा की थी, वो आज सफलत हो रही है। तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी की संख्या दोगुनी हो गई है। मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल जैसे कई राज्यों में भाजपा ने लगभग क्लीन स्वीप किया है। मैं इन सभी राज्यों, अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम विधानसभा के मतदाताओं का भी विशेष आभार व्यक्त करता हूं। आंध्र प्रदेश में चंद्र बाबू नायडू जी के नेतृत्व में और बिहार में नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में एनडीए ने शानदार प्रदर्शन किया है। केन्द्र सरकार इन राज्यों के विकास के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि 10 वर्ष पहले देश ने बदलाव के लिए जनादेश दिया था, तब देश



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

निराशा की गर्त में डूब चुका था। प्रतिदिन अखबारों की हेडलाइन घोटालों से भरी रहती थीं, देश की युवा पीढ़ी अपने भविष्य को लेकर आशंकित थी, ऐसे समय देश ने हमें निराशा के गहरे सागर से आशा का मोती निकालने का जिम्मा सौंपा था। हम सभी ने पूरी ईमानदारी से कार्य किया। 2019 में इसी प्रयास और कार्य पर विश्वास व्यक्त करते हुए देश ने दोबारा एनडीए को प्रचंड जनादेश दिया। एनडीए का दूसरा कार्यकाल विकास और विरासत की गारंटी बन गया। 2024 में इसी गारंटी के साथ हम जन-जन का आशीर्वाद लेने देश के कोने-कोने में गए। तीसरी बार जो आशीर्वाद एनडीए को मिला है, मैं इसके लिए जनता के सामने विनय भाव से नतमस्तक हूं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज का यह पल मेरे लिए भी भावुक करने वाला पल है। मेरी मां के जाने के बाद ये मेरा पहला चुनाव था लेकिन देश की कोटि-कोटि माताओं बहनों ने मुझे मां की कमी नहीं खलने दी। देश की इतिहास में महिलाओं के मतदान के सभी रिकॉर्ड टूट गए हैं और इस प्यार को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। पिछले 10 वर्षों में देश ने बहुत बड़े फैसले लिए हैं। राष्ट्र प्रथम की भावना हमें असामान्य लक्ष्य हासिल करने का हौसला देती है और हमारे अंदर कुछ कर गुजरने की इच्छा शक्ति उत्पन्न करती है। हमने विश्व की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाईं। आजादी के 70 वर्ष बाद 12 करोड़ लोगों को नल से जल, 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर, 80 करोड़ जरूरतमंदों को निःशुल्क राशन की सुविधा और करोड़ों गरीबों को आयुष्मान भारत का लाभ मिला। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटी और जीएसटी जैसा सुधार हुआ। कोरोना के संकट के समय भी भाजपा ने देशहित और जनहित का फैसला लिया एवं हर दबाव से अलग हटकर कदम उठाए जिसके परिणामस्वरूप आज भारत विश्व की सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था बन गई है। "राष्ट्र प्रथम" की यही भावना भारत को आत्मनिर्भर बनाएगी। देशवासियों की मेहनत और गर्मी में बहाया गया पसीना मोदी को निरंतर काम करने की प्रेरणा देता है। अगर जनता 10 घंटे काम करेगी तो मोदी 18 घंटे काम करेगा और जनता 2 कदम चलेगी तो मोदी 4 कदम चलेगा। हम भारतीय मिलकर देश को आगे बढ़ाएंगे एवं तीसरे कार्यकाल में देश बड़े फैसलों का एक नया अध्याय लिखेगा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता हमेशा से समाज के हर क्षेत्र और हर वर्ग के विकास की रही है। बीते 10 वर्षों में सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और उसमें भी सबसे अधिक संख्या पिछड़े, दलितों और आदिवासियों की है। हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक गरीबी देश के अतीत का हिस्सा न हो जाए। महिला केंद्रित विकास, एनडीए सरकार के गवर्नेंस मॉडल के केन्द्र में रहा है। स्पोर्ट्स से स्पेस और उद्यमिता तक हर क्षेत्र में हम माताओं, बहनों और बेटियों को नए अवसर देने के लिए कार्य करेंगे। बीते 10 वर्षों में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी हुई, एम्स की संख्या तीन गुनी हुई, स्व-रोजगार और स्टार्टअप में एतिहासिक बढ़ोतरी हुई है। भारत, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल उत्पादक बना है। अब इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमी कंडक्टर और ऐसे अन्य नए सेक्टरों में और तेजी से कार्य किया जाएगा।


प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने देश के रक्षा उत्पादों और निर्यात को बढ़ाने का प्रयास किया है। हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं बन जाता। हम अपने युवाओं को शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार हर क्षेत्र में सशक्त करेंगे। किसानों के लिए बीज से बाजार तक आधुनिक बनाने का कार्य प्राथमिकता पर होगा। दलहन से लेकर खाद्य तेल तक किसानों को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम कार्य करते रहेंगे। आने वाला समय हरित युग का है। हमारी सरकार की नीतियां, प्रगति, प्रकृति और संस्कृति के समागम की हैं। हम ग्रीन औद्योगीकरण पर निवेश बढ़ाएंगे। ग्रीन एनर्जी से लेकर ग्रीन मोबिलिटी तक हम भारत को सबसे आगे लेकर जाएंगे। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एनडीए सरकार पूरी शक्ति से कार्य करेगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज का भारत वैश्विक समाधान का हिस्सा भी बन रहा है। हमने कोरोना के दौरान देखा है कि कैसे भारत की वैक्सीन क्षमता ने दुनिया को संकट से बचाने में मदद की। हमारे चंद्रयान ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग करके स्पेस अन्वेषण के नए रास्ते खोले हैं। जलवायु परिवर्तन से लेकर खाद्य सुरक्षा तक विश्व के हर विषय के लिए काम करना, भारत अपनी जिम्मेदारी समझता है। भारत को वैश्विक सप्लाई चेन को स्थिरता और विविधता प्रदान करना भी अपना दायित्व समझता है। इसलिए भारत का विश्वबंधु के रूप में सबको गले लगा रहा है। मजबूत भारत, मजबूत विश्व का मजबूत स्तम्भ सिद्ध होगा। 21वीं सदी के भारत को आगे बढ़ने के लिए भारत को भ्रष्टाचार पर लगातार तेज प्रहार करना होगा। डिजिटल इंडिया और तकनीक ने भ्रष्टाचार के अनेक रास्ते बंद किए हैं लेकिन भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई दिनों-दिन कठिन हो रही है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए जब भ्रष्टाचार का महिमामंडन शुरू हो जाए और निर्लज्जता की सारी हदें पार हो जाएं तो भ्रष्टाचार को बहुत ताकत मिल जाती है इसलिए एनडीए सरकार का जोर हर प्रकार के भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने पर होगा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए दल से बड़ा देश रहा है। भाजपा का कार्यकर्ता जन आकांक्षाओं, जन भावनाओं और जन अपेक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन ध्येय पथ पर अड़िग रहने की प्रेरणा है। अपने ध्येय पथ पर आगे बढ़ते हुए हम देशहित को सर्वोपरि रखेंगे तभी अपने लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। हमारा संविधान हमारा मार्गदर्शक है और इसी वर्ष संविधान के 75 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। केन्द्र की एनडीए सरकार सभी राज्यों के साथ मिलकर काम करेगी और विकसित भारत के लक्ष्य के लिए जमकर मेहनत करेगी। विकसित भारत और भारत के उत्तम भविष्य के लिए हमें निरंतर बड़े निर्णय लेने हैं।


प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र से लेकर पन्ना स्तर तक की भाजपा संगठन की टीम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में अनेक चुनौतियों के बीच हिम्मत और समर्पण भाव से राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत को जीते हुए इस चुनावी जंग में एनडीए को विजय दिलाई है और ये सभी कोटि-कोटि अभिनंदन के पात्र हैं। देशवासियों ने मुझ पर, भाजपा पर और एनडीए पर बहुत बड़ी कृपा की है। मैं 140 करोड़ देशवासियों का पुनः आभार व्यक्त करता हूं। मैं अपने एनडीए के सभी साथियों का भी हृदय से अभिनंदन करता हूं। मैं इस देश के महान लोकतंत्र और महान संविधान को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। ।●●●

# भारत के स्वप्न और संकल्प का प्रतीक है एनडीए: श्री नरेंद्र मोदी



## एनडीए संसदीय दल की बैठक में घटक दलों ने मुक्तकंठ से की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक, अनवरत और अविराम नेतृत्व पर एक बार फिर देश ने भरोसा जताया है। 18वीं लोकसभा के लिए हुए चनाव में भारतीय जनता पार्टी को 240 सीट पर विजयी बनाकर तीसरी बार देश की बागडोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सौंपी है। राजग गठबंधन को 292 सीट प्राप्त हुई हैं। भारतीय जनता पार्टी की सीट के आंकड़ों तक पूरा इंडि गठबंधन संयुक्त रूप से भी नहीं पहुंच सका। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने विकसित भारत के संकल्प पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। 7 जून को राजग संसदीय दल की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी को राजग का नेता चुना गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले भी एनडीए था, आज भी है और आगे भी रहेगा। उन्होंने खुद को एनडीए के संसदीय दल का नेता चुने जाने पर सभी घटक दलों का धन्यवाद किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत की राजनीति में अगर गठबंधन दलों के इतिहास की बात करें तो एनडीए सबसे पुराना गठबंधन है। हम आगे देश के विकास के लिए मिलकर कार्य करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत के हर क्षेत्र का, हर भारत के हर नागरिक का जो एस्पिरेशन्स है, रीजनल एक्सपिरेशन है वे और नेशनल एस्पिरेशन्स का एक अटूट नाता होना चाहिए, इसके बीच में हवा तक गुजर न सके, इतना जुड़ा होना चाहिए, तब देश आगे बढ़ जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगर मैं एक तरफ एनडीए को रखूं और दूसरी तरफ भारत के लोगों के सपने और संकल्पों को रखूं तो मैं कहूंगा कि NDA का अर्थ हुआ, N- New India, D- Develop India और A- Aspirational India. इन सपनों और संकल्पों को पूरा करना. ये हम सबका संकल्प भी है,कमिटमेंट भी है और हमारे पास रोडमैप भी है। इस अवसर पर उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य देश के लोगों के जीवनशैली को और



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

बेहतर करने के साथ-साथ भारत को विकसित देश बनाने का है। '2024 का जनादेश एक बात को बार-बार मजबूती दे रहा है कि देश को आज के वातावरण में सिर्फ एनडीए पर ही भरोसा है। अब जब इतना भरोसा है तो स्वाभाविक है कि देश की अपेक्षाएं भी बढ़ेंगी। मैं इसे अच्छा मानता हूं, हम सबका कर्तव्य भी मानता हूं। हमने 10 साल जो काम किया था वो तो ट्रेलर है, हमें और तेजी से देश के आकांक्षाओं को पूर्ण करने में रत्तीभर भी विलंब नहीं करना है.'

राजग संसदीय दल के नेता के चुनाव के लिए हुई बैठक में राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी ने नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव किया, जिसे सभी घटक दलों के नेताओं ने अनुमोदन किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा संसदीय दल और एनडीए संसदीय दल के नेता के रूप में नरेंद्र मोदी का नाम सबसे योग्य, सबसे उपयुक्त और सर्वसम्मत है। यह प्रस्ताव 140 करोड़ देशवासियों के मन का प्रतिघोष है। हम सभी के लिए प्रसन्नता की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राजग सरकार ने देश की जो सेवा की है उसकी विदेशों में भी चर्चा है। तीसरी बार लगातार केंद्र में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्ताव का जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भी अनुमोदन किया।

## एनडीए के सहयोगियों ने मुक्तकंठ से की प्रशंसा

सीएम नीतीश कुमार ने पीएम पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम का अनुमोदन करते हुए कहा कि सब लोग मिलकर चलेंगे, जो काम बाकी बचा है, उसे पीएम मोदी पूरा करेंगे। बिहार का बाकी काम पूरा होगा। नीतीश कुमार ने इस दौरान कुछ ऐसा कहा जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुस्करा उठे. बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि ' 'इधर-उधर जो थोड़ा-बहुत जीत गया है न, अगली बार जब आप आइएगा न तब ऊ सब भी हार जाएगा।'' उन्होंने आगे ये उम्मीद भी जताई कि इस बार जो सीटें हार गए हैं, अगली बार वह सब भी एनडीए जीत जाएगा। उन लोगों (विपक्ष) के लिए आगे कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। नीतीश कुमार ने देश और बिहार के विकास की राह पर और आगे बढ़ने का विश्वास जताया और यह भरोसा दिलाया कि आप (पीएम मोदी) जैसे चाहेंगे, हम वैसे समर्थन करेंगे। हम आपके साथ रहेंगे। इस बीच गठबंधन के साथी तेलगुदेशन पार्टी (टीडीपी) के नेता चंद्रबाबू नायडू ने प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के नाम का अनुमोदन करते हुए उन्हें पूरा समर्थन देने की बात कही। इस दौरान श्री नायडू ने मोदी सरकार के बीते 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि देश जल्द ही दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने वाला है।

जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने श्री राजनाथ सिंह के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि श्री नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानममंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप देश को प्रेरित करते हैं। जब तक आप इस देश के प्रधानमंत्री हैं, कोई भी भारत की ओर आंख उठाकर नहीं देख सकता। हमारा देश कभी की के सामने नहीं झुकेगा।



केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि श्री राजनाथ सिंह जी ने हम सबके समक्ष एक प्रस्ताव रखा है। मैं अपनी पार्टी अपना दल की ओर से एनडीए संसदीय दल के नेता पद पर श्री नरेंद्र मोदी के नाम का पूरे दिल से समर्थन करती हूं।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (एस) के संस्थापक और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने पीएम मोदी समेत सभी सांसदों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मैं और मेरी पार्टी नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता नामित करने के प्रस्ताव का समर्थन करती है। हम सदन को आश्वस्त करना चाहते हैं कि हम हर हालत में नरेंद्र मोदी और एनडीए के साथ रहेंगे।

लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने सदन में मौजूद तमाम नेताओं का अभिवादन करते हुए कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से जो प्रस्ताव आया है उस पर मैं अपनी पार्टी की तरफ से एनडीए संसदीय दल के नेता पद पर नरेंद्र मोदी के नाम का समर्थन करता हूं। अंत में मैं इतना जरूर कहूंगा कि मेरे नेता, मेरे पिता रामविलास पासवान ने एक सपना देखा था। उन्होंने कहा था कि मैं उस घर में दिया जलाने चला हूं जिस घर में सदियों से अंधेरा है। मुझे लगता है उनके इस सपने को उनके इस लक्ष्य को और करोड़ों देशवासियों को अंधकार से निकालने की उम्मीद एक मात्र आप हैं, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सभी सांसदों का अभिनंदन करते हुए कहा कि आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक प्रस्ताव रखा है। उस प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए मैं यहां पर खड़ा हूं। मेरी पार्टी एनडीए संसदीय दल के नेता पद पर नरेंद्र मोदी के नाम का समर्थन करती है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक और स्वर्णिम है। पीएम नरेंद्र मोदी को एनडीए के संसदीय दल के नेता का राजनाथ सिंह ने जो प्रस्ताव रखा है, उस प्रस्ताव का मैं शिवसेना की तरफ से पूरा समर्थन करता हूं।

# गरीब मां के बेटे को पुनः प्रधानमंत्री बनाया : नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार को मिले जनादेश के उपलक्ष्य में पार्टी केंद्रीय कार्यालय विस्तार में आयोजित कार्यक्रम  कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तीसरी बार एनडीए और मोदी सरकार बनाने के लिए देश की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने पर देश की देवतुल्य जनता का आभार प्रकट किया और जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सबको स्मरण है कि चाहे चुनाव की बेला हो, देश के नेतृत्व करने की बात हो और देश को समस्याओं से निकालने का या आपदा को अवसर में बदलने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा पार्टी को और देश की जनता का सामने से नेतृत्व किया है। एनडीए के साथी दल और भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं के बीते कई महीनों से अथक प्रयास के करण जो जीत मिली है उसके लिए भारतीय जनता पार्टी आभार प्रकट करती है। देश के करोड़ों मतदाता जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास जताया और भारतीय जनता पार्टी को इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने में मदद की और एनडीए को अपना आशीर्वाद दिया ऐसे करोड़ों मतदाताओं का भारतीय जनता पार्टी अभिनंदन करती है और आभार प्रकट करती है। देश ने राजनीति में एक नई करवट ली है और 2014 के बाद एक नया इतिहास रचा है। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार का गठन हुआ जिसे 2019 में भी भारत की देवतुल्य जनता का आशीर्वाद मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के कारण फिर से 2024 में जनता के आशीर्वाद के साथ भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के इस इतिहासिक पल की साक्षी बन रही है।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज की**

**आंध्रप्रदेश में भी एनडीए ने शानदार जीत दर्ज की, आंध्रप्रदेश में एनडीए ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत प्राप्त किया**

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि एनडीए के गठन के पश्चात यह गठबंधन भारत की राजनीति में तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रहा है। जो लोग देश हित के लिए काम करते हैं उन्हें चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है और उन चुनौतियों से लड़ कर के देश को आगे बढ़ाने के लिए काम करते है। लेकिन वहीं कुछ लोग जिनके लिए खुद का स्वार्थ महत्वपूर्ण होता है और खुद के स्वार्थ के लिए गठबंधन करते हैं एवं स्वार्थपूर्ण तरीके से लोक लुभावने वादे कर के सरकार बनाना चाहते हैं ऐसे लोगों को देश की जनता सबक सिखाती है और इनका इकोसिस्टम है, जो देश के विकास की दृष्टि से जुड़ी हुई



चीजें हैं उन्हें नकार देता है। बंगाल में 3 सीटों से बढ़कर 77 सीट हो जाती है लेकिन उसकी चर्चा नहीं होती और कह दिया जाता है कि हम हार गए, वे लोग भूल जाते हैं कि भाजपा के मतप्रतिशत में काफी बढ़ोतरी हुई है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ओडिशा में पहली बार विशुद्ध भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में एनडीए का परचम लहराया है। अरुणाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बन रही है।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि ओडिशा में भाजपा ने 40% मतों के साथ 80 सीटों पर जीत प्राप्त की, आंध्र प्रदेश में भी एनडीए के साथी दल ने प्रचंड जीत दर्ज की है और लोकसभा में भी जनता ने भाजपा और एनडीए को विजयी बनाया है। केरल में भी भाजपा का खाता खुला है और कमल खिला है और सभी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ा है। 2014 में देश की गरीब माँ के बेटे देश के प्रधानमंत्री बने और नरेन्द्र मोदी ने भारत में रहने वाले लोगों के दुखों को आत्मसात किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह जानते थे कि जनता की आवश्यकता क्या हैं और देश को कैसे आगे बढ़ाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि उनकी सरकार गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, दलित, शोषित, महिला, युवा और किसान को समर्पित रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत के तहत मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है और तीसरे कार्यकाल में देश के सभी 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को भी यह सुविधा मुहैया कराई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

महिलाओं को गैस सिलेंडर, हर घर जल से नल पहुंचाया गया और लोगों को बैंक से जोड़ने का काम किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था और बैंकिंग क्षेत्र एक लड़खड़ा गई थी और दुनिया में भी भारत का ताकत कम हो गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के बैंकिंग और अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की गई, जिसकी सराहना दुनिया ने की। 2014 में भारत विश्व की 11 वें स्थान की अर्थव्यवस्था था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की 5 वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गांव को मजबूती मिली, गरीबों को ताकत प्रदान की गई, दलितों को सम्मान दिया गया, युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा किया गया, महिलाओं का सम्मान किया गया, किसानों को मुख्यधारा में लाया गया और वंचित-पीड़ितों को आगे बढ़ाया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि विपक्ष ने पिछले 10 वर्षों में नकारात्मक सोच के साथ काम किया और कोई भी सकारात्मक योगदान नहीं दिया। अभी भी विपक्ष को लगता है कि देश में एक ही परिवार राज कर सकता है, रस्सी जल गई मगर बल नहीं गया। चुनाव के दौरान विपक्ष ने झूठ फैलाया, झूठे वीडियो से जनता को बर्गलाने का काम किया और प्रजातांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखा। विपक्ष ने हार की बौखलाहट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपशब्द कहे। देश की जनता ने बारम्बार अवसरवादी गठबंधन को खारिज किया और 2024 में भी इस गठबंधन को हार का मुंह देखना पड़ा। विपक्ष को अपना आत्म निरक्षण करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए का गठबंधन मजबूती से आगे बढ़ेगा और देश को आगे ले जाने का काम करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए का प्रत्येक कार्यकर्ता देश को सामर्थ्यवान, सक्षम, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा और देश को विकसित बनाने के लिए कार्य करेगा। ●●●

# अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है यह विजय : अमित शाह



भाजपा को तीसरी बार मिली यह जीत हमारे कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का प्रतिफल है

केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आज लोकसभा चुनाव परिणाम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा - एनडीए को बहुमत मिलने पर देश की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए फिर से लगातार तीसरी बार मोदी सरकार के चुने जाने पर बधाई दी।

सोशल मीडिया एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए श्री शाह ने लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए को लगातार तीसरी बार सेवा का मौका देने के लिए देश की जनता को कोटि-कोटि नमन करता हूँ। लगातार तीसरी जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता का विश्वास सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री आगे लिखा कि एनडीए की यह विजय, देश के लिए अपना जीवन खपा देने वाले नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में जन-जन के अटूट विश्वास का प्रतिबिंब है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के "विकसित भारत" के विजन पर जनता-जनार्दन का विश्वासमत है। यह जन आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीते एक दशक के गरीब कल्याण, विरासतों के पुनरोत्थान, महिलाओं के स्वाभिमान और किसान कल्याण के कार्यों की सफलता का आशीष है। नया भारत इस जनादेश के साथ 'विकास यात्रा' को और गति और शक्ति देने के लिए तैयार है।

गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि एनडीए की यह जीत, बीते 10 सालों में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जिस तरह देश के गरीबों, महिलाओं, पिछड़ों, वंचितों और युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए पुरुषार्थ किया है, उसके लिए जनता का आशीर्वाद मिला है। इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि यह विजय, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस अविराम साधना का प्रतिफल है, जो किसी भी कीमत पर रुकना नहीं जानती है। बीते 23 सालों के सार्वजनिक जीवन में बिना एक दिन भी छुट्टी लिए, बिना अपनी परवाह किये, दिन-रात केवल देश और





देशवासियों के कल्याण के लिए प्रयासरत रहने का है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मैराथन प्रयास की यह जीत है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भाजपा को तीसरी बार मिली यह जीत हमारे कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का प्रतिफल है। इस जीत के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और देश के हर भू-भाग में मेहनत करने वाले सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को मैं बधाई देता हूँ।

गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि भाजपा के लिए उनके कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी पूँजी हैं। सभी कार्यकर्ताओं ने जिस परिश्रम से उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक गली-गली, घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए जनता का आशीर्वाद माँगा है, वह सचमुच सराहनीय है। मैं सभी कार्यकर्ताओं को इस भगीरथ प्रयास के लिए मनपूर्वक शुभकामनाएँ देता हूँ।

गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आंध्र प्रदेश विधानसभा एवं लोक सभा चुनाव में एनडीए को मिली ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत के लिए आंध्र प्रदेश की जनता का अभिनंदन करते हुए उनका धन्यवाद प्रकट किया।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

गृह मंत्री श्री शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मैं लोकसभा और विधानसभा चुनावों में एनडीए गठबंधन को आशीर्वाद देने के लिए आंध्र प्रदेश के भाइयों और बहनों का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं अपने सहयोगियों तेलगु देशम पार्टी के प्रमुख श्री एन चंद्रबाबू नायडू, जनसेना पार्टी के प्रमुख श्री पवन कल्याण और भाजपा कार्यकर्ताओं को इस शानदार जीत के लिए बधाई देता हूं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे लिखा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए आंध्र प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और राज्य को प्रगति और विकास के एक नए युग की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सब मिलकर राज्य के नए भाग्य को आकार देंगे।

गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने ओडिशा विधानसभा के चुनाव परिणाम में भाजपा को मिली प्रचंड जीत के लिए ओडिशा की जनता का धन्यवाद और साधुवाद व्यक्त किया। ज्ञात हो कि ओडिशा विधान सभा में पहली बार भारतीय जनता पार्टी को अकेले स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ है। साथ ही ओडिशा के लोक सभा चुनाव में भी भाजपा को 21 में से 19 सीटों पर शानदार जीत मिली है।

गृह मंत्री श्री शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट पर लिखा है कि भाजपा को महाप्रभु जगन्नाथ जी की पुण्यभूमि की सेवा करने का मौका देने के लिए ओडिशा की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मिली यह जीत 'विकसित भारत, विकसित ओडिशा' के संकल्प को सिद्ध करेगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मैं ओडिशा की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि ओड़िया भाषा, ओड़िया संस्कृति और ओड़िया साहित्य को बढ़ावा देते हुए प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए भाजपा समर्पण भाव से कार्य करेगी।



शपथ ग्रहण में संतों का आशीर्वाद।

# विकसित हो समग्र देश, एनडीए को मिला ऐतिहासिक जनादेश: साय




देश में 18वीं लोकसभा चुनाव के अंतर्गत सात चरणों में हुए मतदान के परिणाम आज आए। इस चुनाव में भाजपा नीत राजग गठबंधन ने तीसरी बार जीत हासिल की है। छत्तीसगढ़ की ग्यारह लोकसभा सीटों में दस सीटों में भाजपा को जीत मिला।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चुनाव परिणामों पर कहा कि लगातार तीसरी बार देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राजग को भरपूर जनादेश दिया है। छत्तीसगढ़ में भी हमने इतिहास रचा है।


छत्तीसगढ़ में भाजपा की शानदार जीत पर श्री साय ने कहा कि प्रदेश की दस सीटों पर निर्णायक बढ़त यह साबित करता है कि मोदी की गारंटी पर जनता ने अभूतपूर्व भरोसा दिखाया है। हमें माता-बहनों, किसान-मजदूरों, युवाओं-बुजुर्गों हर वर्ग का समर्थन मिला है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया।

सीएम श्री साय ने छत्तीसगढ़ की जनता द्वारा भाजपा को मिले आशीर्वाद के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रभारी नितिन नबीन सहित सभी केंद्रीय भाजपा नेताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

सीएम साय ने इंडी गठबंधन को घेरते हुए कहा कि यह चुनाव कांग्रेस और उसकी सहयोगी दलों द्वारा बोले गए झूठ और दुष्प्रचार के लिए जाना जायेगा। कांग्रेस ने तीसरी बार मोदी सरकार के आने पर देश में चुनाव नहीं होने का झूठ, संविधान पर झूठ, आरक्षण पर झूठ, महतारी वंदन पर झूठ, चावल योजना पर झूठ सहित विभिन्न विषयों पर झूठ बोला। छत्तीसगढ़ सहित देश की जनता ने कांग्रेस के झूठ पर भरोसा नहीं किया और भाजपा के पक्ष में अपना भरोसा दिखाया। इंडी गठबंधन द्वारा फैलाये गए तमाम दुष्प्रचार और झूठ के बावजूद राजग गठबंधन का बहुमत आना मोदी जी के प्रति जनता के अटूट भरोसे को दर्शाता है। इसके लिए मैं छत्तीसगढ़ सहित समूचे देश की जनता का आभार व्यक्त करता हूँ।

ओडिशा में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर सीएम साय ने कहा कि ओडिशा में भी सुशासन का सूर्योदय हुआ है। वहां सरकार बनने के साथ लोकसभा में भी अच्छी-खासी सीट मिली है। जिस तरह प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में सबने मेहनत की, मैंने, प्रदेश के नेताओं भी वहां रैलियां की, जिससे सबके प्रयासों से ओडिशा में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनी है और नवीन बाबू के नेतृत्व वाली 24 वर्षों से जमी बीजेडी सरकार को वहां की जनता ने नकार दिया। ओडिशा की जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया, इसके लिए वहां की जनता का आभार व्यक्त करते हैं।

सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक के बाद एक ताबड़तोड़ रैलियाँ, रोड शो और इंटरव्यू करके भाजपा के पक्ष में एकतरफा माहौल बना दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बिना थके, बिना रुके 75 दिनों में अकेले 206 रैलियां की, 23 रोड शो किये और 82 इंटरव्यूज दिए। इंडी गठबंधन का कोई नेता उनके आसपास भी नहीं रहा। जिसका प्रतिफल है कि मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार राजग गठबंधन को बहुत मिला। सीएम श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि मोदीजी के नेतृत्व में भारत विकास और समृद्धि के आकाश पर होगा। यह परिणाम मोदीजी के 'विकसित भारत' के संकल्प को सिद्ध करने वाला होगा। ●●●



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# छत्तीसगढ़ की प्रचंड जीत कार्यकर्ताओं व जनता को समर्पित: किरण देव

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मिले पूर्ण बहुमत को ऐतिहासिक जनादेश बताते हुए अपनी विजय को पूरी विनम्रता से शिरोधार्य करते हुए इसे भारत के 140 करोड़ देशवासियों की जीत बताया है। पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त कर 'विकसित भारत – विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को साकार करने और विश्व मंच पर भारत के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठित करने के लिए प्रदेश की जनता का हृदय से आभार मानकर बधाई दी है। केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्ता सम्हालने के लिए मिले जनादेश के दृष्टिगत राजधानी समेत पूरे प्रदेश में भाजपाजनों में उत्साह है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा की शानदार जीत पर प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत जनता और प्रधानमंत्री श्री मोदी 10 वर्षों में किए गए काम और लिए गए क्रांतिकारी निर्णयों की जीत है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर देश की जनता ने जो अपना विश्वास व्यक्त किया है, अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार उस विश्वास की कसौटी पर खरी उतरने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। श्री देव ने कहा कि ये नतीजे इस बात के प्रमाण हैं कि भारत और विशेषकर छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की एक सशक्त सरकार के के लिए अपना निर्णय व्यक्त किया है। ये नतीजे इस बात की तस्दीक भी कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के अपने उद्घोष में निहित 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के संकल्प के साथ काम किया है आगे भी यह करती रहेगी।श्री देव ने कहा कि भाजपा-एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत के साथ जनता जनार्दन ने सत्ता सौंपी है और भाजपा जन-विश्वास की कसौटी पर खरी उतरेगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री देव ने छत्तीसगढ़ भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनता-जनार्दन ने पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में जो स्वस्फूर्त मतदान किया है, उससे भाजपा का विश्वास फलीभूत हुआ है। देश की जो जनभावना प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ जुड़ी है, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व पर जनता-जनार्दन का जो अटूट विश्वास स्थापित हुआ है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है।





## यह जीत ऐतिहासिक : नितिन नबीन

लोकसभा चुनाव के छत्तीसगढ़ प्रभारी व बिहार के मंत्री नितिन नबीन ने कहा कि यह जीत ऐतिहासिक है। छत्तीसगढ़ की जनमानस ने विशाल जनमत देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के राष्ट्र विकास के अभियान और बल दिया है। विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी जिस तरह से हमें जनता का समर्थन मिला है यह छत्तीसगढ़ व देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रदेश संगठन सहित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी व जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## भाजपा की जीत, प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत : अरुण साव



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा में 10 सीटों पर भाजपा की जीत पर बधाई देते हुए जनता और कार्यकर्ताओं का आभार किया। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने सब कुछ दांव पर लगा दिया था उसके बाद भी जनता ने उन्हें नकार दिया। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री और कई पूर्व मंत्रियों को इन चुनावों में हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने अपना सब कुछ लगा दिया लेकिन जीत नहीं पाए, यह भाजपा के सुशासन की जीत है। जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया है, उसके लिए सबको हार्दिक बधाई।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर छत्तीसगढ़ की जनता का अटूट विश्वास : विजय शर्मा




उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन को स्पष्ट बहुमत देकर जनता ने फिर से राष्ट्र की बागडोर जननायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपा है। छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 11 में से 10 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की शानदार और ऐतिहासिक जीत पर मतदाताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया है। हमारे भाजपा के कार्यकर्ताओं के मेहनत के परिणाम है कि एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला है, कार्यकर्ता व जनता बधाई के पात्र हैं।

## समग्र विकास की सोच को समर्पित मोदी सरकार : रामविचार नेताम



प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सर्व विकास-सर्व संभावनाओं पर केन्द्रित कार्यक्रमों को आधार मानकर देश के विकास में जुटे हुए हैं। उनकी समग्र विकास की सोच ने ही राष्ट्र को प्रगति के पथ पर दृढ़ संकल्प से जोड़े रखा है। उनकी परिकल्पना से समाज का हर वर्ग उत्थान की ओर है। उनके हर विकास अभियान में हम सब सहभागी हैं। यही हमारा संकल्प है। छत्तीसगढ़ में उन्नति की क्षेत्र में हम नव आयाम गढ़ेंगे।

## विकास के लिए जरूरी डबल इंजन की सरकार : धरमलाल कौशिक



पूर्व विधानसभाध्यक्ष व वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इन 10 वर्षों में देश की तस्वीर बदली है उसे और गति देने के लिए केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनना तय था। अब और राज्य में भाजपा की सरकार मिलकर देश व प्रदेश के विकास के लिए अनुकरणीय कार्य होगा। इसलिए ही डबल इंजन की सरकार को व्यापक जनसमर्थन भी मिला है। अब राष्ट्र में सबके उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य होगा।




भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## इंडी गठबंधन एक होकर भी भाजपा से पीछे रह गए : शर्मा



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा और भाजपानीत राजग की प्रचंड जीत इस बात पर जनता की मुहर है कि यूपीए सरकार के मुकाबले मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में देश में विकास नए आयाम गढ़े है। इंडी गठबंधन के सभी राजनीतिक दलों की सीटें मिलाकर भी भाजपा से कम है यह प्रमाण है की जनता ने इंडी गठबंधन को पूरी तरह ठुकरा दिया है। उन्होंने प्रदेश में भाजपा की शानदार जीत पर जनता व कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

## प्रगति की नवीन मूल मंत्र को मिला आधार : राजेश मूणत



पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस देश की विकास को नवीन मूल मंत्र मिला है। जिसके कारण ही आज हम वैश्विक शक्ति बनने की ओर हैं, लगातार जिस गति से देश का विकास हो रहा है वह अतुलनीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवीनता के साथ देश की उन्नति को मजबूत आधार दे रहे हैं। उनका तीसरा कार्यकाल भी बेहद ही प्रसंशनीय व अनुकणीय होगा। एक संकल्प के साथ मजबूत भारत की तस्वीर की हम सब साक्षी होंगे।

## सबका विकास, समग्र विकास, यही मात्र एक संकल्प : कश्यप



प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर्व विकास का जो एक मॉडल खड़ा किया है। उसे देशवासियों ने अपने जनमत के अधिकार के माध्यम से और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर क्षेत्र में विकास की संभावनाओं को नए गति दे रहे हैं। उन्हें फिर से तीसरी बार ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है। यह जनादेश मजबूत लोकतंत्र के साथ राष्ट्र की विकास परिकल्पना को और भी नया स्वरूप देगा। हम विकास की गति को और नव आयाम देने उनके नेतृत्व में जुटेंगे।

## भाजपा की 10 सीटों पर ऐतिहासिक जीतः श्रीवास्तव



भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में 10 सीटों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत हुई है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद जो जनाकांक्षी योजनाएं चलाई गई थी और केन्द्र सरकार के 10 साल व राज्य सरकार के कामकाज पर जनता ने 10 सीटों पर भाजपा को विजय दिलाकर विशाल जनादेश दिया है। छत्तीसगढ़ में हमेशा लोकसभा चुनाव में जनता की पहली पसंद भाजपा ही रही है और छलने वाले कांग्रेसियों को जनता ने करारा जवाब दिया है।



## विकसित भारत का जनादेश : ओपी चौधरी


प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को प्रदेशवासियों ने व्यापक समर्थन दिया है। हमारी यह ऐतिहासिक जीत छत्तीसगढ़ के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर संकल्प को पूरा करने के लिए जुटे हुए हैं। प्रदेश में हमारी सरकार ने कम समय में मोदी की गारंटी को लेकर जो कार्य योजना बनाई है उसी का परिणाम है कि हम लोकसभा में 10 सीटों पर जीत हासिल करने में सफल हुए हैं। ।●●●

## विजयोत्सव



# बोलती तस्वीरें









# छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी ने किया जीत का शंखनाद



लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में मिली ऐतिहासिक जीत का शंखनाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की चुनावी जनसभाओं के साथ हो गया था। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का यहां के मतदाताओं तथा समाज के साथ जिस प्रकार आत्मीय संबंध रहा है, उसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को हमेशा मिलता रहा है। लोकसभा चुनाव में भी जनता ने इस आशीर्वाद को दोहराया है। इन सभी नेताओं की चुनावी जनसभाओं में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पिछले दस साल से संचालित योजनाओं व प्रदेश सरकार के जन कल्याणकारी कार्यों का उल्लेख तो रहा ही, इसके साथ ही कांग्रेस के भ्रष्टाचार को भी बेनकाब करने का कार्य शीर्ष नेतृत्व ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ तथा बस्तर के प्रति स्नेह सर्वविदित है। प्रधानमंत्री के रूप में सबसे अधिक बार छत्तीसगढ़ आने का रिकॉर्ड श्री नरेंद्र मोदी के नाम है। एक ओर विपक्षी दल के नेता जहां छत्तीसगढ़ को एक पॉलीटिकिल पिकनिक स्टेट के रूप में देखते हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी का इस राज्य के साथ आत्मीय संबंध है। राज्य के गठन में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## पीएम मोदी का बस्तर से स्नेह

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की छत्तीसगढ में चार सभाएं हुईं। 8 अप्रैल को जिला बस्तर के आमाबाल में चुनावी जनसभा में जिस तरह की भीड़ उमड़ी थी, उससे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को मिलने वाले जनादेश का आकलन सहज किया जाने लगा था। इस चुनावी जनसभा में जिस प्रकार उन्होंने बस्तर के साथ अपने संबंधों को याद किया, उसकी यहां के लोगों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। श्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत में ही कहा कि मां दंतेश्वरी देवी की धरती तथा अपने गुरू श्री बलिराम कश्यप की कर्मभूमि पर आकर वह अत्यंत गौरवान्वित हैं। इसी क्रम में जांजगीर-चांपा में 23 अप्रैल 2024 को तथा उसी दिन धमतरी तथा अगले दिन 24 अप्रैल को उन्होंने अंबिकापुर में चुनावी जनसभा की। इन कार्यक्रमों में गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में लोग उन्हें सुनने आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिन-जिन लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया गया, सभी जगह भारतीय जनता पार्टी को विजय मिली है।





## गृहमंत्री श्री शाह ने किया अथक परिश्रम

लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में विजय की गाथा लिखने में गृह मंत्री श्री अमित शाह का अथक परिश्रम एवं कार्यकर्ताओं को दिया गया जीत का मंत्र महत्वपूर्ण रहा। गृहमंत्री श्री शाह ने 22 फरवरी को बस्तर संभाग क्लस्टर, लोकसभा क्लस्टर प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजकों की कोण्डागांव में बैठक लेकर सभी को जीत का मंत्र दिया। उसी दिन उन्होंने जांजगीर में रायपुर संभाग क्लस्टर की बैठक ली। 14 अप्रैल को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में खैरागढ़ में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। वहीं 21 अप्रैल को प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में प्रबुद्ध जनों के साथ केंद्रीय गृह मंत्री की बैठक ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। 22 अप्रैल को कांकेर में भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में उन्होंने चुनाव प्रचार किया। इसी क्रम में 26 अप्रैल को बेमेतरा में गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी जनसभा हुई। इन सभी जगहों पर भाजपा को ऐतिहासिक जीत प्राप्त हुई है। इसी क्रम में कोरबा लोकसभा क्षेत्र में गृहमंत्री अमित शाह ने 1 मई को चुनावी कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।









## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बढ़ाया कार्यकर्ताओं का मनोबल

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा लोकसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों को जिस तरह मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, ऐसा सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। अपनी हर चुनावी जनसभा में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। यहां उन्होंने 22 अप्रैल को लोरमी स्थित शासकीय हाईस्कूल ग्राउंड में बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी श्री तोखन साहू के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद वह भिलाई में चुनावी कार्यक्रम में शिरकत कर भाजपा प्रत्याशी श्री विजय बघेल की जीत सुनिश्चित करने की राह प्रशस्त की। इसी दिन वह रायपुर के चंदखुरी खेल मैदान में भाजपा प्रत्याशी श्री बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। यहां उल्लेखनीय है कि इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी ने रिकॉर्ड मतों से विजय सुनिश्चित की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने सरगुजा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री चिंतामणि महाराज के पक्ष में सूरजपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस चुनावी जनसभा के दौरान उन्होंने जिस प्रकार छत्तीसगढ़ी से संबोधन प्रारंभ किया, उसकी सर्वत्र प्रशंसा हुई।

## रक्षा मंत्री श्री सिंह विजय संकल्प सभा में हुए शामिल

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने पहले चरण में बस्तर की लोकसभा सीट में दंतेवाड़ा के गीदम व कांकेर लोकसभा के बालोद में विजय संकल्प शंखनाद महारैली को संबोधित किया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा था कि छत्तीसगढ़ जब राज्य बना तो पहले विधानसभा चुनाव के दौरान मुझे पार्टी ने प्रभारी बनाकर भेजा गया था। लोग कहते थे कि यहां कांग्रेस की ही सरकार रहेगी। लेकिन जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया। यहां 20 साल में 15 साल तक भाजपा की सरकार रही है। बीच में जनता ने थोड़ा स्वाद बदलने के लिए कांग्रेस को एक अवसर दिया, लेकिन उन्होंने जो कुछ किया वह किसी से छिपा नहीं। यही वजह है कि एक बार फिर जनता ने भाजपा को भरपूर स्नेह दिया। जनता को पता है कि राज्य और देश का विकास कोई कर सकता है तो वह भाजपा है।




भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## सीएम विष्णुदेव साय ने संभाली चुनाव प्रचार की कमान



लोकसभा चुनाव से ठीक पहले छत्तीसगढ़ की बागडोर सीएम विष्णुदेव साय को सौंपी गई थी। बतौर सीएम पद की शपथ लेने के बाद वह अपने मंत्रिमंडल के साथियों के साथ पीएम मोदी की गारंटियों को पूरा करने के मिशन में जुट गए। महज 90 दिन के अंदर ही सारे चुनावी वादे पुरे कर नया रिकार्ड कायम किया। आमचुनाव में बीजेपी ने सीएम साय को स्टार प्रचारक की जिम्मेदारी सौंपी। सीएम विष्णुदेव साय ने जहां-जहां सभाएं की वहां अधिकतर जगहों में बीजेपी का परचम लहराया। सीएम साय की चुनावी जनसभाओं की सफलता दर छत्तीसगढ़ में 91 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 100 प्रतिशत और ओडिशा में 86 प्रतिशत रहा।

छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों में सीएम विष्णुदेव साय ने कुल 64 जनसभाएं एवं रोड शो की। जहां उन्होंने बस्तर लोकसभा में 7 जनसभा और रोड शो किया। दूसरे चरण के अंतर्गत कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद में कुल 15 जनसभाएं की। इन चारों लोकसभा सीटों में बीजेपी ने जीत दर्ज की। तीसरे चरण की बची हुई 7 सीटों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सरगुजा और कोरबा में सीएम साय ने कुल 42 जनसभाएं की। कोरबा लोकसभा में मामूली अंतर से हुई हार को छोड़ दें तो ग्यारह में से 10 सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की और अपना परचम लहराया। मुख्यमंत्री साय की चुनावी जनसभाओं की सफलता दर छत्तीसगढ़ में 91 प्रतिशत रही।

सीएम विष्णुदेव साय ने ओडिशा में भी जमकर पसीना बहाया। यहां सात लोकसभा सीटों में उन्होंने तूफानी जनसभाएं ली और बीजेपी को 6 लोकसभा सीट बरगढ़, बलांगीर, कालाहांडी, नबरंगपुर, संबलपुर और सुंदरगढ़ सीटें जिताकर दी। विधानसभा स्तर पर भी यदि देखें तो यहां झारसुगुड़ा, कोटपाड़, उमरकोट, कोरापुट, तलसरा, बीजेपुर, बीरमहाराजपुर और कुचिंदा सीट को मिलाकर कुल आठ विधायक भी जिताने में वो कामयाब रहे। यहां लोकसभा चुनाव में उनका सक्सेस स्ट्राइक रेट 86 प्रतिशत रहा। सीएम विष्णु देव साय ने पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में भी 8 जनसभाएं की। जिसमें कुल चार लोकसभा सीट खजुराहो, शहडोल, मंडला, सीधी में उन्होंने मोर्चा संभाला। इन चारों सीटों पर भी बीजेपी ने बम्पर मतों से जीत हासिल की है। इसमें मुख्यमंत्री की चुनावी जनसभाओं की सफलता दर देखें तो पूरे सौ प्रतिशत है। मध्य प्रदेश में बीजेपी ने 29 में से 29 सीटों पर जीत दर्ज की। सीएम साय ने आदिवासी इलाकों के साथ ही अन्य सीटों पर जनसभाएं की। सीएम साय ने खजुराहो लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार किया। ये भी सीट भाजपा जीतने में सफल रही।

## स्टार प्रचारकों ने झोंकी ताकत

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव संसदीय सीट पर 21 अप्रैल को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ भी चुनावी जनसभा करने पहुंचे। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री को करारी शिकस्त दी है। इसी क्रम में उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज समेत कई दिग्गज नेताओं ने ताकत झोंकी। मंत्री श्री महराज ने मुंगेली, बेमेतरा, रायपुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। लोकतंत्र के इस महोत्सव के दौरान स्टार प्रचारकों सहित प्रदेश भाजपा के सभी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिस उत्साह के साथ एक लक्ष्य पर कार्य करते रहे, उससे जनता जनार्दन का भाजपा को आशीर्वाद प्राप्त हुआ। ।•••



# छत्तीसगढ़ के भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम की पराकाष्ठा

## ओडिशा और झारखंड में मुख्यमंत्री साय ने चुनावी अभियान में लिया हिस्सा



लोकसभा चुनाव के छत्तीसगढ़ में मतदान खत्म होने के बाद प्रवासी प्रभारियों के तौर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव सहित मंत्री, सांसद, विधायक व कार्यकर्ताओं ने ओडिशा और झारखंड में कमल खिलाने कोई कसर नहीं छोड़ी। इसी का नतीजा है कि झारखंड के 10 प्रवासी प्रभार वाले सीटों में से 8 सीट व ओडिशा के प्रभार वाले 15 लोकसभा व 55 विधानसभाओं में करीब 50 सीटों में भाजपा ने जीत हासिल हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ओडिशा के कोरापुट, नवरंगपुर, बलांगीर, बरगढ़ व संबलपुर में सभाएं ली थी जहां भाजपा को लोकसभा व विधानसभा में विशाल जीत मिली है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह ने कोरापुट व संबलपुर लोकसभा सहित विधानसभा के सीटों पर प्रचार अभियान में शामिल हुए थे जहां पर भाजपा को प्रचंड जीत मिली है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव कालाहांडी, संबलपुर, बरगढ़ लोकसभा सहित वहां के विधानसभाओं में कमान संभाला था जहां पर भाजपा को जीत मिली है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा बरगढ़ लोकसभा के अंतर्गत सारे विधानसभा के भी प्रवासी प्रभारी थे जहां पर पार्टी को आशा के अनुरुप जीत मिली है। शिक्षा




मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने संबलपुर लोकसभा का कमान संभाला था जहां से केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान चुनाव जीते है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की तैनाती संबलपुर लोकसभा में थी जहां लोकसभा सहित वहां के विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को जीत मिली है। मंत्री ओपी चौधरी झारसुगुड़ा के प्रवासी प्रभारी थे जहां पर पार्टी को बड़ी सफलता मिली है।

## प्रभारी-सह प्रभारी के क्षेत्र में भी भाजपा हुई सफल

भाजपा छत्तीसगढ़ की तरफ से ओडिशा लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के संचालन में सहयोग हेतु मंत्री केदार कश्यप को प्रभारी व विधायक पुरंदर मिश्रा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया था। ओडिशा में सक्रिय रहकर प्रवासी प्रभारियों, मंत्री, सांसद, विधायक एवं कार्यकर्ताओं के संयोजन का कार्य को देख रहे थे जिससे पार्टी को सफलता मिली है। साथ ही मंत्री केदार कश्यप सुन्दरगढ़ लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी थे वहीं विधायक पुरंदर मिश्रा केन्द्रपाड़ा व चिल्का में विजयश्री दिलाने में सफल हुए हैं। वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत पुरी लोकसभा के प्रभारी बनाए गए थे जहां से संबित पात्रा चुनाव जीतने में सफल हुए है। क्योंझर लोकसभा से संतोष पांडेय की तैनाती की गई थी जहां भाजपा की जीत हुई। विधायक नीलकंठ टेकाम, श्रीनिवासराव मद्दी, जगन्नाथ पाणीग्रही, छगन मूंदड़ा, किशोर महानंद सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता ओडिशा में चुनाव अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाया।

## झारखंड में भी ...

झारखंड के 14 में से 10 लोकसभा का प्रभार छत्तीसगढ़ के प्रवासी प्रभारियों को दी गई थी जिसमें से 9 लोकसभा में भाजपा को विशाल जीत मिली है। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में वहां पर प्रवासी प्रभारियों की तैनाती की गई थी, जहां संगठन महामंत्री चुनावी अभियान को अंतिम रूप दे रहे थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संथाल परगना सहित जमशेदपुर सहित नौ स्थानों पर चुनावी अभियान में शामिल हुए। जहां भाजपा को भारी सफलता मिली है। लोकसभा गिरीडीह के प्रवासी प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम थे जहां से भाजपा के सहयोगी दल के सांसद विजयी हुए है। जमशेदपुर के प्रवासी प्रभारी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक थे उनके सहयोगी के तौर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, पूर्व विधायक रजनीश सिंह भी जुटे थे। जहां से भाजपा को विशाल विजय मिली है। पलामू व चतरा लोकसभा के प्रभारी अनुराग सिंहदेव थे जहां भी भाजपा को जीत मिली है।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

रांची में प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव व पूर्व पर्यटन विकस निगम अध्यक्ष कृष्ण राय की टीम जुटी हुई थी वहां पर भी भाजपा की जीत मिली है। गोड्डा से पूर्व मंत्री रेणुका सिंह, विधायक भावना बोहरा व प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता चुनावी अभियान में शामिल हुए थे। जहां पर भी भाजपा को जीत मिली है। हजारीबाग लोकसभा में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की तैनाती की गई थी। जहां भाजपा जीती है। कोडरमा लोकसभा में विधायक गोमती साय व पूर्व सांसद चंदूलाल साहू धनबाद के प्रवासी प्रभारी के तौर पर जुटे हुए थे। वहां पर भाजपा को जीत मिली है। पूरे अभियान में छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में झारखंड में प्रचार हेतु गए थे।

## जमशेदपुर में छत्तीसगढ़ियों को साधा

जमशेदपुर लोकसभा में सन् 1900 से निवासरत छत्तीसगढ़ मूल के मतदाताओं तक भाजपा पहुंचने में सफल रही और वहां के दो विधानसभाओं में करीब डेढ़ लाख मतदाता निवासरत है। जिन तक भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जो छत्तीसगढ़ से भेजे गए थे वे पहुंचने में सफल हुए, जिसके कारण भाजपा को विशाल विजय जमशेदपुर में मिली। वहां से विद्युत वरण महतो 2,59,782 मतों से विजयी होने में सफल हुए है। यहां पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रोड शो किया था और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक समाज के सदस्यों से भेंट की थी।

## उत्तम ओडिशा का संकल्प होगा पूरा : उसेंडी

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ओडिशा राज्य की चुनाव सह प्रभारी सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि ओडिशा में हमें जो जन समर्थन मिला है 25 वर्षों के बाद ओडिशा की जनता ने नई गाथा लिखने के लिए आतुर थी और हमें लोकसभा और विधानसभा में प्रचंड बहुमत मिला है। यह उत्तम ओडिशा और विकसित भारत के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा। वहां के मतदाता और भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं।



# विकसित छत्तीसगढ़ के अभियान को मिला व्यापक समर्थन : सीएम साय




लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बड़े-बड़े सूरमा को हमारे प्रत्याशियों ने चूरमा बना दिया। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को पटखनी देकर और चार-चार पूर्व मंत्रियों को हराकर हमारे प्रत्याशी आए हैं। मैं सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। चुनाव में जनता के आशीर्वाद से मिली ऐतिहासिक जीत के बाद जिम्मेदारी और बढ़ गई है। जिस पर हम सबको खरा उतरना है।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उक्त बातें कही और छत्तीसगढ़ के सभी नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली और केंद्र में भी एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता की मुहर है। इस ऐतिहासिक परिणाम के लिए प्रदेश की जनता को धन्यवाद, बधाई एवं शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री साय ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देते हुए कहा कि तपती गर्मी में पार्टी के कार्यकर्ता, संगठन के पदाधिकारी, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं सदस्यों के कठिन परिश्रम की बदौलत हमें ऐतिहासिक परिणाम प्राप्त हुए हैं। इसके लिए सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ। पड़ोसी राज्य झारखंड और ओडिशा की जीत का श्रेय राज्य के मंत्रियों, भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को देते हुए उन्होंने कहा कि सबके अथक मेहनत से हमनें दोनों राज्यों में भाजपा का परचम लहराया है।


## छत्तीसगढ़ भाजपा के चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने 54 सीटों के साथ 46 प्रतिशत वोट प्राप्त किये थे और अब लोकसभा चुनाव में 6 प्रतिशत वोटों की वृद्धि हुई है, जिससे कि 68 विधानसभा सीटों में हमें जीत प्राप्त हुई है। इस पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार है और अब लोकसभा में जनता ने प्रचंड जीत दिलाकर बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। पड़ोसी राज्य ओडिशा और झारखंड में भाजपा की जीत पर उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों में आयोजित जनसभा के दौरान मुझे मंच में आधे से ज्यादा हमारे छत्तीसगढ़ के नेताओं की मौजूदगी नजर आती थी। सबके प्रयासों से दोनों राज्यों में भाजपा इस मुकाम पर पहुंची है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ओडिशा के विधानसभा चुनाव में बीजेपी की प्रचंड जीत के साथ हमारी सरकार बन रही है। राज्य में लोकसभा और विधानसभा के ऐतिहासिक जनादेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर मुहर लगायी है। वहां 25 साल सत्ता में रहे मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को दोनों सीट में हराने में भारतीय जनता पार्टी कामयाब हुई है। जहाँ-जहाँ हमारे छत्तीसगढ़ के नेता, मंत्री, कार्यकर्ता प्रचार के लिए गए थे वहां-वहां भारतीय जनता पार्टी को अच्छी सफलता मिली है।

### छत्तीसगढ़ के विकास की गति को नवगति मिलेगी : देव

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हुआ था तो उस समय के एक्जिट पोल में भाजपा को कम सीटे मिलती बताई जा रही



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## कार्यकताओं के परिश्रम से विजयी श्री को प्राप्त करते हैंः जम्वाल

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने चुनाव प्रबंधन समिति को संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को अर्जित सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि




आप सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने चुनाव में जो अथक परिश्रम किया है, यह सब उसी का प्रतिफल है। आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम सब एक बार फिर देश में एनडीए की सरकार बनाने में सफल हुए हैं। श्री जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने के लिए देश विरोधी ताकतों ने तो जी-तोड़ कोशिशें खूब की लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम के आगे वे ताकतें सफल नहीं हुईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर देश तेजी से विकास करेगा और एनडीए की मजबूत सरकार देश को विकसित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

थी, लेकिन प्रदेश की जनता ने भाजपा को अपना भरपूर समर्थन और आशीर्वाद देते हुए प्रदेश की 54 विधानसभा सीटों पर छत्तीसगढ़ में एक मजबूत सरकार बनाने का जनादेश दिया। प्रदेशाध्यक्ष श्री देव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार विधानसभा चुनाव के दौरान किए अपने सभी वादों को प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तेजी के साथ पूरा कर रहे हैं। अब हमें केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना है, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदेश में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी मिल सके। उन्होंने कहा कि पहले मिथक बन चुका था कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस का गढ़ बन गया है लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम और छत्तीसगढ़ की जनता ने उस मिथक को तोड़ दिया और भाजपा अब पंचायत, नगरीय निकाय सहित विधानसभा एवं लोकसभा में भी अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने चुनाव प्रबंधन समिति के सभी लोगों को कुशल चुनाव प्रबंधन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

## जीत के साथ हमारा वोट प्रतिशत बढ़ा है : शर्मा

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने चुनाव प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को लोकसभा चुनाव में शानदार सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव की सफलता के लिए 38 प्रकार की समितियाँ बनाई थीं और चुनाव में उन समितियों ने पूरे समर्पण के साथ काम करके प्रदेश की 11 में से 10 सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित की। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिया गया लक्ष्य लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्राप्त किया है। हमें 51 प्रतिशत वोट पाने का लक्ष्य दिया गया था और आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से हमने छत्तीसगढ़ में 52.5 प्रतिशत वोट प्राप्त किया यानी कि विधानसभा चुनाव से 6 प्रतिशत ज्यादा वोट भाजपा को प्राप्त हुआ। कांग्रेस के ज्यादातर प्रत्याशी 2018-23 के बीच मंत्री रहे, वे भी लोकसभा चुनाव में पराजित हुए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित उनके साथ सरकार में मंत्री रहे अन्य लोग भी बुरी तरह पराजित हुए हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि 2024 के कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 293 सीटें प्राप्त हुई हैं और अब 10 निर्दलीय सांसदों ने भी अपना समर्थन देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को मजबूत करने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी एक समय 415 सीटों पर होती थी जो आज 99 सीटों में ही सिमटकर रह गई है। 1984 में भारतीय जनता पार्टी में 6 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे जो आज बढ़कर 2024 में 36 प्रतिशत हो गया है और 56 प्रतिशत से ज्यादा वोट पाने वाली कांग्रेस पार्टी आज 21 प्रतिशत वोट पाकर सिमट गई है।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सरला कोसरिया ने किया। इस दौरान बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, मंत्री रामविचार नेताम, नव निर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, विजय बघेल, श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, महेश कश्यप, भोजराज नाग, चिंतामणि महाराज, श्रीमती कमलेश जांगड़े, राधेश्याम राठिया, तोखन साहू, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, भरतलाल वर्मा व रामजी भारती सहित लोकसभा प्रबंध समिति के सभी 38 समितियों के संयोजक-सहसंयोजक एवं सदस्य मौजूद रहे। ●●●



# मोदी मंत्रिमंडल

## प्रधानमंत्री



**श्री नरेंद्र मोदी**
कार्मिक, जनशिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, सभी प्रमुख नीतिगत मामले एवं वे सभी विभाग जो किसी अन्य मंत्री को आवंटित न किया गया हो।

## कैबिनेट मंत्री



**श्री राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्रालय



**श्री अमित शाह**
गृह मंत्रालय,
सहकारिता मंत्रालय



**श्री नितिन गडकरी**
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय



**श्री जगत प्रकाश नड्डा**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

## कैबिनेट मंत्री

**श्री शिवराज सिंह चौहान**
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
ग्रामीण विकास मंत्रालय

**श्रीमती निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्रालय, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय

**डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर**
विदेश मंत्रालय

**श्री मनोहर लाल**
आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय
बिजली मंत्रालय

**श्री एच. डी. कुमारस्वामी**
भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम, इस्पात मंत्रालय

**श्री पीयूष गोयल**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान**
शिक्षा मंत्रालय

**श्री जीतन राम मांझी**
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय

**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह**
पंजायती राज, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्रालय

**श्री सर्बानंद सोनोवाल**
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

**डॉ. वीरेंद्र कुमार**
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

**श्री किंजरापु राममोहन नायडू**
नागरिक विमानन मंत्रालय

**श्री प्रल्हाद जोशी**
उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

**श्री जुएल ओराम**
जनजातीय कार्य मंत्रालय

**श्री गिरिराज सिंह**
कपड़ा मंत्रालय

**श्री अश्विनी वैष्णव**
रेल मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
इलेक्ट्रॉनिक्स सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

**श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया**
संचार मंत्रालय
पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय

**श्री भूपेंद्र यादव**
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत**
संस्कृति व पर्यटन मंत्रालय

**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

**श्री किरण रिजिजू**
संसदीय कार्य मंत्रालय
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय


**श्री हरदीप सिंह पुरी**
पेट्रोलियम एवं प्रकृति गैस मंत्रालय

**श्री मनसुख मंडाविया**
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय

**श्री जी किशन रेड्डी**
कोयला मंत्रालय, खान मंत्रालय

**श्री चिराग पासवान**
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

**श्री सी. आर. पाटिल**
जल शक्ति मंत्रालय



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

**श्री राव इन्द्रजीत सिंह**
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय
योजना मंत्रालय

**डॉ. जितेंद्र सिंह**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भू-विज्ञान मंत्रालय

**श्री अर्जुन राम मेघवाल**
कानून एवं न्याय मंत्रालय

**श्री जाधव प्रतापराव गणपतराव**
आयुर्वेद, योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा, होम्योपैथिक मंत्रालय (आयुष)

**श्री जयंत चौधरी**
कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय

## राज्य मंत्री

**श्री राव इन्द्रजीत सिंह**
संस्कृति मंत्रालय

**डॉ. जितेंद्र सिंह**
Prime Minister's Office, कार्मिक, जनशिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष विभाग

**श्री अर्जुन राम मेघवाल**
संसदीय कार्य मंत्रालय

**श्री जाधव प्रतापराव गणपतराव**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

**श्री जयंत चौधरी**
शिक्षा मंत्रालय

**श्री जितिन प्रसाद**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
इलेक्ट्रॉनिक्स सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

**श्री श्रीपद येस्सो नाइक**
बिजली, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

**श्री पंकज चौधरी**
वित्त मंत्रालय

**श्री कृष्ण पाल**
सहकारिता मंत्रालय

**श्री रामदास अठावले**
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

**श्री रामनाथ ठाकुर**
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

**श्री नित्यानंद राय**
गृह मंत्रालय

**श्रीमती अनुप्रिया सिंह पटेल**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

**श्री वी. सोमन्ना**
जल शक्ति, रेल मंत्रालय

**डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी**
ग्रामीण विकास, संचार मंत्रालय

**डॉ. सत्यपाल सिंह बघेल**
पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन, पंजायती राज मंत्रालय

**सुश्री शोभा कारान्दलाजे**
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

**श्री कीर्तिवर्धन सिंह**
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, विदेश मंत्रालय

**श्री बी. एल. वर्मा**
उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

**श्री शांतनु ठाकुर**
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

**श्री सुरेश गोपी**
पेट्रोलियम एवं प्रकृति गैस, पर्यटन मंत्रालय

**डॉ. एल. मुरुगन**
सूचना एवं प्रसारण, संसदीय कार्य मंत्रालय

**श्री अजय टम्टा**
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय

**श्री बंदी संजय कुमार**
गृह मंत्रालय

**श्री कमलेश पासवान**
ग्रामीण विकास मंत्रालय

**श्री भागीरथ चौधरी**
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

**श्री सतीश चंद्र दुबे**
कोयला, खान मंत्रालय

**श्री संजय सेठ**
रक्षा मंत्रालय

**श्री रवनीत सिंह**
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, रेल मंत्रालय

**श्री दुर्गादास उइके**
जनजातीय कार्य मंत्रालय

**श्रीमती खडसे रक्षा निखिल**
युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय

**श्री सुकांता मजूमदार**
शिक्षा, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय

**श्रीमती सावित्री ठाकुर**
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

**श्री तोखन साहू**
आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय

**श्री राज भूषण चौधरी**
जल शक्ति मंत्रालय

**श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा**
भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम, इस्पात मंत्रालय

**श्री हर्ष मल्होत्रा**
कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय


**श्रीमती निमुबेन जयंती भाई बांभणिया**
उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

**श्री मुरलीधर मोहोल**
सहकारिता, नागरिक विमानन मंत्रालय

**श्री जॉर्ज कुरियन**
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्रालय

**श्री पबित्रा मार्गेरिटा**
विदेश, कपड़ा मंत्रालय

# छत्तीसगढ़ : सर्वत्र कमल



## रायपुर लोकसभा



बृजमोहन अग्रवाल

विजय मत : 575285

## दुर्ग लोकसभा



विजय बघेल

विजय मत : 438226

## रायगढ़ लोकसभा



राधेश्याम राठिया

विजय मत : 240391

## बिलासपुर लोकसभा



तोखन साहू

विजय मत : 164558

## महासमुन्द लोकसभा



रूपकुमारी चौधरी

विजय मत : 145456

## सरगुजा लोकसभा



चिन्तामणि महाराज

विजय मत : 64822

## जांजगीर-चांपा लोकसभा



कमलेश जांगड़े

विजय मत : 60000

## बस्तर लोकसभा



महेश कश्यप

विजय मत : 55245

## राजनांदगांव लोकसभा



संतोष पाण्डेय


विजय मत : 44411

## कांकेर लोकसभा



भोजराज नाग


विजय मत : 1884



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## पुरखा के सुरता

# ध्येय पथ के कर्मयोगी पथिक थे डॉ. बंशीलाल महतो



30 जून 1940 - 23 नवंबर 2019

आदमी नहीं उसका काम बोलता है - अगर इस कथन की चर्चा की जाए तो यह लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद तथा चिर परिचित सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व सांसद डॉ. बंसीलाल महतो पर सटीक बैठता है। 30 जून 2024 को उनका 84 वां जन्मदिवस है, जो उनके सामाजिक जीवन के साथ-साथ जनहित के लिए किए गए कार्यों का स्मरण कराएगा। 30 जून 1940 को कोरबा जिले के छोटे से गांव सलिहाभाटा में डॉ बंशीलाल महतो का जन्म पिता श्री धनीराम महतो व माता श्रीमती तूल देवी महतो के घर पर हुआ।

पैतृक गांव में प्राइमरी और उसके बाद चाम्पा में हायर सेकेंडरी तक की शिक्षा प्राप्त करने के साथ उपरांत आगे की राह के लिए उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र को ही चुना। देश की प्रसिद्ध विश्वविद्यालय डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर मध्यप्रदेश से संबद्ध आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर से आपने बीएएमएस की उपाधि प्राप्त की और इसे अपनी आजीविका के साथ समाज सेवा का व्रत भी सुनिश्चित किया। वह उस समय गोल्ड मेडल प्राप्त कर बीएएमएस की परीक्षा पास करने वाले महाविद्यालय के प्रथम छात्र भी बने। आयुर्वेद और वनस्पति शास्त्र पर उनका नाता आजीवन बना रहा व इस पर उनका शोध आगे भी जारी रहा।

अध्ययन उपरांत वर्ष 1969 के दौर में उन्होंने अपनी पहुंच कोरबा में बनाई। आयुर्वेद चिकित्सा के रूप में यहां सेवाएं शुरू करने के साथ भारतीय जनसंघ और विद्या भारती के संपर्क में आकर समाज जीवन के बारे में भी गहन विचार किया। सीतामढ़ी क्षेत्र में उन्होंने अपना क्लीनिक प्रारंभ किया और विशुद्ध रूप से जनसेवा के रूप में इसे कई दशकों तक जारी रखा।

सन् 1969 में कोरबा में पदार्पण करने के 3 वर्ष के बाद डॉ. बंशीलाल महतो जनसंघ के कोरबा नगर के अध्यक्ष बन गए। उस समय जनसंघ नए दौर में था और राजनीतिक संभावनाएं नहीं के बराबर थी, तब भी उन्होंने कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से से चुनाव लड़ा। राजनीतिक यात्रा के अंतर्गत वर्ष 1997 में कोरबा और जांजगीर संयुक्त संगठन जिला के लिए उन्हें भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अनुशासन, समर्पण और निष्ठा के साथ संगठन के लिए लगातार कार्य करने का परिणाम यह हुआ कि भाजपा ने वर्ष 2014 में डॉ. बंसीलाल महतो को कोरबा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया और उन्होंने छत्तीसगढ़ विधानसभा में वर्तमान नेता प्रतिपक्ष और तत्कालीन केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. चरण दास महंत को पराजित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रथम कार्यकाल 2014 में डॉ. बंशीलाल महतो को कोरबा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ।

### शिक्षा के थे अग्रदूत

वह हमेशा 'आओ जलाएं दीप वहां जहां अभी भी अंधेरा है' पंक्तियों से प्रेरित थे इसलिए उन्होंने तय किया कि शिक्षा क्षेत्र के लिए काफी कुछ किया जाए। इसी उदार और परिपक्व सोच के साथ उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों के विकास के लिए भरपूर योगदान दिया। सरस्वती शिक्षा समिति कोरबा के द्वारा संचालित विद्यालयों में आधुनिकतम भवन, शिक्षण की सामग्री से लेकर प्रयोगशाला और संचार क्रांति को बढ़ावा देने कंप्यूटर प्रयोगशाला की स्थापना कराई। केएन कॉलेज शिक्षण समिति के 2003 से 2019 तक अध्यक्ष रहे। इस कालखंड में ज्योति भूषण प्रताप सिंह विधि कॉलेज के साथ-साथ शिक्षा संकाय बीएड कॉलेज की स्थापना कराई। पूर्व सांसद डॉ. महतो सरस्वती शिक्षा समिति एनटीपीसी कोरबा के 1988 से 1991 तक व्यवस्थापक और 1994 से 2017 तक अध्यक्ष भी रहे। उनकी स्मृतियां सदैव हमारे संस्मरण में रहेंगे। डॉ. बंशीलाल महतो को कौशिल्या देवी का साथ आदर्श जीवनसंगिनी के रूप में मिला। परिवार और समाज के साथ उन्होंने बेहतर समन्वय बनाये रखा। डॉ. महतो की चार पुत्रियां अनिता जायसवाल, सुषमा जायसवाल, आशा गोभिल, हेमु जायसवाल विवाहोपरांत खुशहाल जीवनचर्या में व्यस्त हैं। उनके ज्येष्ठ पुत्र विकास महतो राजनीति और समाजसेवा में तो कनिष्ठ पुत्र डॉ. विवेक महतो कुशल डेंटिस्ट है। पूर्व सांसद डॉ. बंशीलाल महतो ने स्वास्थ्यगत कारणों से वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। 23 नवंबर 2019 को उन्होंने नश्वर देह त्याग दी। भौतिक रूप से वह हमसे दूर चले गए लेकिन हमारे स्मृति में बने रहेंगे।

### हमारे प्रेरणा स्रोत थेः देवांगन

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि पूर्व सांसद व हम सबके प्रेरणास्रोत हैं। स्व. डॉ. बंशीलाल महतो ने हम सबको समाज जीवन में बेहतर करने की प्रेरणा दी है। उनके संस्कार हमें सदैव सत्य के मार्ग पर चलने को प्रेरित करते रहेंगे। हम जैसे कई कार्यकर्ता उनके संकल्पों को लेकर सर्व कल्याण के लिए जुटे हुए हैं।

### वह सर्व सहयोगी थेः अग्रवाल

कोरबा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि वह जीवन में रिश्तों के एक संस्थान की तरह थे जो हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के अलवा उनके परिजनों की कुशलक्षेम पूछते थे। ऐसा कम ही हो पाता है कि किसी का जुड़ाव जीवनभर सबके साथ हो। उनका जुड़ाव समाज के हर वर्ग के साथ था, जिसके कारण आज संगठन का वृहद व मजबूत स्वरूप हम सबके सामने है। ।•••

# मैं तोखन साहू ईश्वर की शपथ लेता हूं...

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में बिलासपुर के सांसद तोखन साहू को शामिल किया गया।वे राज्य मंत्री के रूप में शपथ लिया। उनके मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने पर छत्तीसगढ़ के भाजपा कार्यकताओं में बेहद हर्ष है। उन्होंने मोदी मंत्रिमंडल में आवास व शहरी विकास राज्यमंत्री के रूप में शामिल किये जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आभार व्यक्त करते हुए कहा छत्तीसगढ़ के साथ देश के विकास के लिए उन्हें एक महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई है जिसके लिए वह अपना शतप्रतिशत अपना समर्पण देंगे। उन्हें एक पंच से सांसद तक बनने में पार्टी के हर कार्यकर्ता की भूमिका अहम रही है वे हमेशा सबके हितों की चिंता करते अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे।

## सांसद तोखन साहू की सियासी यात्रा

बिलासपुर लोकसभा सीट पर एक बार फिर भाजपा का परचम लहरा रहा है। यहां की जनता ने सौम्य स्वभाव के नेता तोखन साहू को रिकॉर्ड मतों से जीत का आशीर्वाद दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की फैसले लेने वाली डबल इंजन की सरकार पर जनता ने दिल खोलकर प्यार बरसाया। सांसद तोखन साहू को कुल 7 लाख 24 हजार 937 वोट मिले और उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार को 1 लाख 64 हजार 558 मतों के बड़े अंतर से करारी शिकस्त दी। तोखन साहू का राजनीतिक सफर 1994 में लोरमी ब्लॉक के सुरजपुरा गांव के निर्विरोध पंच बनने से शुरू हुआ। इसके बाद 2005 में जनपद सदस्य और 2012 में जिला सहकारी बैंक बिलासपुर के प्रतिनिधि बने। 2013 में वो लोरमी से विधायक बने। सत्ता के साथ संगठन में भी उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए उल्लेखनीय काम किए। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष तोखन साहू को जनता ने अब सांसद बनाकर लोकसभा भेजने का जनादेश दिया है।



## सबकी बुलंद आवाज बनेंगे : साय

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मंत्रिमंडल में सांसद तोखन साहू जी को शामिल किये जाने पर बधाई देते हुए कहा कि वे हमेशा की तरह छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कार्य करेंगे। उनका दीर्घकालीन सामाजिक जीवन के अनुभवों का लाभ सबको मिलेगा। वे हमेशा सबकी बुलंद आवाज के तौर पर सबके लिए जुटे रहेंगे।

## सबके लिए सम्मान की बात: देव

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने सांसद तोखन साहू को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं देते कहा कि हम सबके लिए सम्मान की बात है कि सांसद तोखन साहू केन्द्रीय मंत्रिमंडल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में उन्हें स्थान मिलने पर देश व राज्य में विकास की संभावनाओं को नई गति मिलेगी।

## हम सबका सम्मान बढ़ा है: साव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सांसद तोखन साहू को केंद्रीय मंत्री मंडल में शामिल किए जाने से हम सबका गौरव बढ़ा है। नव नियुक्त केंद्रीय आवास व शहरी विकास राज्यमंत्री श्री साहू देश व प्रदेश के विकास के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका बतौर केंद्रीय राज्य मंत्री निभाएंगे।

## माटी पुत्र को मिला मौका : शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में सांसद तोखन साहू को शामिल किए जाने पर हार्दिक बधाई दी है। यह छत्तीसगढ़ के लिए सुखद अनुभूति है। हम सबको उम्मीद है कि नव नियुक्त केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू राष्ट्र के विकास में अपनी सहभागिता देंगे।

# केंद्र ने फिर भेजी छत्तीसगढ़ को 4,761 करोड़ की राशिः देव

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ को वर्ष 2024- 2025 से संबधित 4761.30 करोड़ रुपए की संपूर्ण राशि



हस्तांतरित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति पूरे छत्तीसगढ़ की ओर से आभार व्यक्त किया है। श्री देव ने कहा कि केंद्र से प्राप्त यह राशि छत्तीसगढ़ के विकास और जनकल्याण के भाजपा के संकल्प की पूर्ति के प्रयासों को गति प्रदान करेगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री देव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी सदैव छत्तीसगढ़ के प्रति अपने आत्मीय जुड़ाव का परिचय देते रहे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में लगभग 4 लाख करोड़ रुपए की राशि छत्तीसगढ़ को केंद्र की ओर से प्रदान की है। प्रदेश की भाजपा सरकार तेजी के साथ अपने संकल्पों और मोदी की गारंटी पर काम करके अभूतपूर्व जन विश्वास अर्जित किया है। जनता का अब केवल भाजपा और प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्त्व पर अटूट विश्वास का रिश्ता जो कायम हुआ है, वह छत्तीसगढ़ को नित नई ऊँचाइयों पर लेकर जाएगा।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री देव ने इस बात पर भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की कि प्रधानमंत्री श्री मोदी छत्तीसगढ़ को लगातार महत्व दे रहे हैं। अब केंद्र सरकार के सहयोग से न केवल विकास की गति तेज होगी, अपितु हर स्तर पर सुशासन की स्थापना होगी।


भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## मोदी सरकार ने किया माटी पुत्रों का सम्मान : शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार गठित केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार द्वारा कार्यभार ग्रहण करते ही किसानों को सम्मान निधि की राशि जारी करने और गरीब परिवारों के लिए तीन करोड़ नए प्रधानमंत्री आवास बनाने के व्यक्त संकल्प के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने कार्यभार सम्हालते ही प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा सर्वप्रथम किसान सम्मान निधि जारी करने के लिए फाइल हस्ताक्षरित करने से किसानों और गरीब कल्याण के प्रति भाजपानीत राजग सरकार के नेक इरादों की झलक मिल गई है और देश के किसानों में एक बार फिर यह पक्का भरोसा कायम हुआ है कि नई केंद्र सरकार ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था की महत्वपूर्ण धुरी कृषि क्षेत्र में विकास के नए आयाम गढ़ेगी। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास का नया लक्ष्य घोषित करके श्री मोदी ने नई केंद्र सरकार के गरीब कल्याण के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा तीसरे कार्यकाल की शपथ लेने के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। इसके तहत देश के 9.3 करोड़ किसानों के बैंक खाते में 20 हजार करोड़ रुपए की राशि भेजी जाएगी। इससे छत्तीसगढ़ के 23 लाख 64 हजार 465 किसान भी लाभान्वित होंगे। इसके पहले जब 16वीं किस्त से राज्य के करीब 23.14 लाख किसानों को लाभ मिला था। छत्तीसगढ़ के किसानों को अब तक लगभग 7800 करोड़ का लाभ इस योजना से मिल चुका है।

# मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं संग मनाया जश्न



एनडीए की सरकार को तीसरी बार बहुमत मिलने पर और छत्तीसगढ़ में 11 में से 10 सीटें जीतने पर भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में जश्न मनाया गया आतिशबाजी की गई प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश के भाजपा के अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने अपने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा पिछले लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा को 9 सीटें मिली थी इस बार यह बढ़कर 10 हो गई है कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से यह सम्भव हो पाया है मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ,गृहमंत्री श्री अमित शाह, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री श्री शिव प्रकाश क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी श्री नितिन नबीन सहित सभी वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया।

## प्रधानमंत्री के शपथ के बाद कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव

भारतीय जनता पार्टी और उसके घटक दल के गठबंधन एनडीए के नेता के श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने व उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के शपथ ग्रहण उपरांत राजधानी रायपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाए। राजधानी के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक पर आतिशबाजी की गई और मिठाई वितरण कर जमकर नारेबाजी की गई। छत्तीसगढ़ से बिलासपुर तोखन साहू को भी मोदी के मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया। इस मौके पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेकर एक नया इतिहास रचा है। ऐतिहासिक जीत जन हितकारी योजनाओं की है सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास मूल मंत्र की है। यह जीत गांव गरीब किसान की है। इस मौके पर सच्चिदानंद उपासने, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, अकबर अली, खेम कुमार सेन, मृत्युंजय दुबे, विश्वदीनी पांडे, संतोष साहू, ओम प्रकाश साहू, रमेश शर्मा, अर्पित सूर्यवंशी, प्रणाय साहू आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

समाचार कमल

# हार्दिक अभिनंदन



**लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ भाजपा चुनाव प्रभारी नीतिन नबीन ने नई दिल्ली में बिलासपुर सांसद तोखन साहू को केंद्रीय मंत्री मंडल में शामिल किए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक प्रमोद मिंज, राजेश अग्रवाल, सरगुजा जिला अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह मौजूद थे।**

## विकास के पथ पर हम और मजबूत होंगेः महामंत्री

भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के पथ पर और मजबूत होते जा रहे हैं। प्रदेश की जनता ने हमें देश व राज्य के विकास के लिए दोहरी जवाबदारी दी है। जिसे हम जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करने में सफल होंगे।प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर वर्ग की हमेशा चिंता करते हैं, जिस तरह से जनता ने हमारी सरकार को अपना समर्थन दिया है हम सबके विकास के लिए हमेशा की तरह समर्पित रहेंगे। महामंत्री रामजी भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबकी उम्मीदों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यही कारण है कि लगातार तीसरी बार उन्हें देश की जनता ने विशाल जनमत दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी सबसे सपनों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## आदिवासी अस्मिता के आवाज थे जननायक बिरसा मुण्डाः साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आदिवासियों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान क्रांतिकारी जननायक बिरसा मुण्डा को उनकी 123 वीं पुण्यतिथि 9 जून के अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने मुण्डा को नमन करते हुए कहा कि मुण्डा आदिवासी चेतना के प्रणेताओं में से एक थे। उन्होंने आदिवासियों को एकत्र कर जल, जंगल और जमीन पर अधिकारों के लिए आंदोलन चलाया। उनके शौर्य और बलिदान की गाथा आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरित करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिरसा मुण्डा ने हमें सिखाया कि सामूहिक इच्छाशक्ति, हथियारों की शक्ति पर भी भारी पड़ती है। उनका अदम्य साहस हम सबके लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आदिवासियों को उनका अधिकार दिलाना और स्वाभिमान की रक्षा बिरसा मुंडा जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## कांग्रेसी करारा हार से विचलित हैंः रंजना साहू

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक रंजना साहू ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस की हार के लिए अगर कोई एक नेता जिम्मेदार नहीं है तो जो-जो नेता जिम्मेदार हैं, उनकी जवाबदेही कब तक तय की जा रही है? श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस छह माह पहले विधानसभा और अभी हाल ही के लोकसभा चुनाव में हुई अपनी शर्मनाक एक बार फिर अंतर्कलह से घिर गई है और बजाय हार के कारणों की समीक्षा करने के या हार की बौखलाहट में ऊलजलूल व अमर्यादित बयान देकर प्रलाप कर रहे हैं, या फिर आपसे में ही आरोप-प्रत्यारोप करके हार के लिए के एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में एक तरफ लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ को मिली करारी हार के बाद कांग्रेस के नेता हार की समीक्षा की मांग उठाने लगे हैं। चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर अन्य मामलों में पहले भी नाराजगी सामने आई थी। हार के बाद अब वरिष्ठ नेताओं ने कई लोकसभा में बाहर से प्रत्याशी उतारे जाने और स्थानीय लोगों को दरकिनार करने का मुद्दा बना लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में फेरबदल की सुगबुगाहट इस बात का साफ संकेत है कि हार का ठीकरा फोड़ने के लिए मत्था तलाशा जा रहा है। प्रदेश प्रभारी और कांग्रेस हाईकमान को चुनाव के समय कांग्रेस पदाधिकारियों ने पत्र लिखकर संगठन में अनियमितता सहित कई मामलों से अवगत कराया था। ।•••



## निवेदन

दीप कमल से संबंधित कोई भी सुझाव या शिकायत हो तो आप नीचे दिए गए पते पर भेज सकते हैं। फोन से भी जानकारी दे सकते हैं। ईमेल भी कर सकते हैं। इसके अलावा आपके क्षेत्र में संगठन से संबंधित कोई गतिविधि या पत्रिका में प्रकाशन योग्य कोई समाचार हो, तो उसे भी निम्नलिखित माध्यमों से भेजने का आग्रह है।

**कार्यकारी संपादक, दीप कमल, प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर**
डूमरतराई, रायपुर। (छत्तीसगढ़), फोन : 0771-2233500, Email : mydeepkamal@gmail.com



# जीत का उल्लास







RNI No.CHHHIN/2004/13926

डाक पंजी. क्रमांक : छ.ग./रायपुर संभाग/78/2023-25

# सदैव अटल

